आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 16.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना के लिए अधिसूचना जारी–गिनती दो चरणों में डिजिटल माध्यम से होगीं

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गयां

- गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों के राहत आयुक्तों को अगले 90 दिन के भीतर हर जिले के लिए आपदा प्रबन्धन योजना तैयार करने को कहां

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संसदीय क्षेत्र में बडोद और ढीवरी के बीच कालीसिंध नदी पर बने पुल का उद्घाटन कियां

- मौसम विभाग ने प्रदेश के 14 जिलों में आज मध्यम और 12 जिलों में हल्की बरसात का अर्लट जारी कियां

000

देश में पहली बार हो रही जातिगत जनगणना के लिए आज अधिसूचना जारी की गईं जनगणना कार्य के लिए लगभग 34 लाख प्रगणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना पदाधिकारी तैनात किए जाएंगें ये जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए डिजिटल माध्यम से की जाएगीं इसकी संदर्भ तिथि पहली मार्च 2027 होगीं वहीं केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना पहली अक्तूबर 2026 से कराई जाएगीं

जनगणना के पहले चरण में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी इकट्ठा की जाएगीं वहीं दूसरे चरण में हर व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगीं ये भारत की 16वीं और आजादी के बाद की 8वीं राष्ट्रीय जनगणना होगीं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान दिया गया हैं साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडॉलीडेस ने श्री मोदी को ग्रांड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मैकरियोस से अलंकृत कियां प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सम्मान भारत और साइप्रस के बीच आपसी साझेदारी और मित्रता को समर्पित हैं इससे पहले श्री मोदी ने श्री निकोस और दोनों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक कीं प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि साइप्रस भारत के लिए प्रत्यक्ष विदेश निवेश के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण आर्थिक साझेदार हैं दोनों देश वैश्विक शांति और स्थिरता में विश्वास करते हैं

...............

श्री मोदी आज कनाडा में जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेगें इस दौरान वे कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और अन्य राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात करेगें

000

गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों के राहत आयुक्तों को अगले 90 दिन के भीतर हर जिले के लिए आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने को कहा हैं आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन में श्री शाह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन योजना तैयार होना जरूरी हैं गृहमंत्री ने कहा कि सरकार आपदाओं से निपटने में इस लक्ष्य के साथ नीतियां तैयार कर रही है कि आपदा की स्थिति में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हों

.......................

आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 कल और परसों आयोजित की जाएगीं राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से ली जाने वाली ये परीक्षा अजमेर और जयपुर जिला मुख्यालयों के 77 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में होगीं आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि ये परीक्षा 1 हजार 96 पदों के लिए होगीं

000

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि नर्सिंग अधिकारी भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा–एन.ओ. आर.सी.ई.टी. अब साल में दो बार होगीं पहले ये परीक्षा वर्ष में एक बार आयोजित की जाती थीं इस पहल से समय पर भर्ती और रोगी देखभाल सेवाएँ निर्बाध रूप से हो सकेंगीं

ये नीतिगत बदलाव एम्स और मंत्रालय की रणनीतिक योजना के अनुरूप किया गया हैं एन.ओ.आर.सी.ई.टी. –2025 का आयोजन एम्स नई दिल्ली की ओर से किया जाता हैं

.........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा के पीपल्दा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास कियां उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र को एक उच्च स्तरीय पुल की भी सौगात दीं ये ब्रिज बडोद और ढीबरी के बीच कालीसिंध नदी पर बनाया गया हैं इस पर करीब 90 करोड़ रूपये की लागत आई हैं पुल के चालू होने से बरसात के मौसम में नदी में उफान आने पर भी ये क्षेत्र जिला मुख्यालय से जुड़ा रहेगा और समुचित आवाजाही बनी रहेगीं हर दिन यहां से हजारों वाहन गुजरते हैं उद्घाटन समारोह में श्री बिरला ने कहा कि अगले ढाई साल में क्षेत्र के हर गांव को नवनेरा बांध से पीने का साफ पानी मिलेगां

......................

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा है कि पंचायत चुनावों के टिकिट वितरण में संगठन पदाधिकारियों की अहम भूमिका होगीं उन्होंने आज जयपुर में प्रेसवार्ता में ये भी कहा कि युवाओं को आगे लाने के लिए 50 प्रतिशत टिकिट 50 साल से कम आयु वर्ग के उम्मीदवारों को दिये जायेगें उन्होंने राज्य सरकार पर निकाय और पंचायत चुनाव में देरी का आरोप लगायां

......................

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने श्री डोटासरा के इन आरोपों को बेबुनियाद बतायां उन्होंने प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार इस बारे में तैयारी कर रही हैं

.................

000

राज्य में मॉनसून पूर्व की बारिश का सिलसिला आज लगातार तीसरे दिन भी जारी हैं इससे तापमान में गिरावट आई हैं आज कहीं भी हीटवेव का असर नहीं रहां बीते चौबीस घंटों में राजसमंद, अलवर, भरतपुर, अजमेर, कोटा, जोधपुर, पाली, जालौर में अच्छी बरसात हुई वहीं राजसमंद के आमेट में सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर पानी बरसां

मौसम विभाग ने आज कोटा, उदयपुर, भरतपुर, अजमेर और जयपुर संभाग के चौदह जिलों के लिए मध्यम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं वहीं 12 जिलों में हल्की बरसात का यलो अलर्ट बताया हैं शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती हैं झालावाड़ और कोटा में दिनभर भारी उमस के बाद शाम को बारिश का दौर चलां कोटा में आधे घंटे मूसलाधार बारिश हुई

भीलवाडा में भी रिमझिम बारिश और ठण्डी हवाओं का दौर जारी हैं वहीं बारां जिले के किशनगंज, नाहरगढ, अटरू और मांगरोल में भी अच्छी बरसात हुई अटरू क्षेत्र के मायथा भेरूजी में बिजली गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गई और दो अन्य के गंभीर रूप से झुलसने के समाचार हैं हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगाा में आज 3 बच्चों की नहर में डूबने से मृत्यु हो गई 11–12 साल की उम्र के ये बच्चे बकरी चराने गये थें इसी दौरान प्यास लगने पर नहर में पानी पीने के लिये उतरने से ये हादसा हुआं

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही हैं इसके माध्यम से योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी जा रही हैं इसी कड़ी में आज सुनिये जयपुर की योग विशेषज्ञ डॉ. शशि का संदेशं इनका सभी से कहना है कि योगी बने, सहयोगी बने और देश के लिए उपयोगी बनें

...............

11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले दुनियाभर में योग आयोजनों की धूम हैं प्रदेश में भी योग दिवस काउंटडाउन के तहत पूर्वाभ्यास करवाये जा रहे हैं राज्य विधानसभा में आज सामूहिक योगाभ्यास हुआं इसमें विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित मंत्रिमण्डीय सदस्यों और विधायकों ने भाग लियां मीडिया से बातचीत में श्री देवनानी ने कहा कि योग जीवन का विज्ञान है, ये मन, बुद्धि और शरीर को संतुलन प्रदान करता हैं

.....................

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी संसदीय प्रकियाओं और पद्धतियों का अध्ययन करने के लिए फ्रांस और जर्मनी की यात्रा करेगें श्री देवनानी का 7 दिन की इस यात्रा पर कल रवाना होने का कार्यकम हैं इस दौरान वे फ्रांस और जर्मनी के सांसदों से राजस्थान विधान सभा में किये गये नवाचारों को भी साझा करेगें संसदीय सहभागिता, लोकतांत्रिक आदान–प्रदान और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की दृष्टि से इस यात्रा को अहम

माना जा रहा हैं श्री देवनानी ने कहा कि इसके माध्यम से राज्य विधानसभा की उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने में मदद मिलेगीं

000